पधारो गणपति जी महाराज | By Daksh Verma

सबसे पहले तुम्हे ध्याऊँ
रिद्धि सिद्धि का वर पाऊं
पधारो गणपति जी महाराज
घर में मंडप आज सजाऊँ

सबसे आगे ज्ञान और बल में
बाधाएं हर लेते पल में
जो भी काम शुरू मैं करता
नाम तुम्हारा लेता पहल में
मोदक का मैं भोग लगाऊं
घर में मंडप आज सजाऊँ
पधारो गणपति जी महाराज
घर में मंडप आज सजाऊँ

माँ गौरी का सूत प्यारा
शिव शंकर की आँख का तारा
जिसने नाम तुम्हारा ध्याया
उसका संकट हर लिया सारा
तेरी राहों में फूल बिछाऊं
घर में मंडप आज सजाऊँ
पधारो गणपति जी महाराज
घर में मंडप आज सजाऊँ

जिसके घर में आप पधारे
उसके कर दिए वारे न्यारे
अपने भक्तों की सब सुनते
ऐसे बप्पा है हमारे
सुन्दर ये त्यौहार मनाऊं
घर में मंडप आज सजाऊँ
पधारो गणपति जी महाराज
घर में मंडप आज सजाऊँ

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%aa%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%8b-%e0%a4%97%e0%a4%a3%e0%a4%aa%e0%a4%a4%e0%a4%bf-%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%9c-by-daksh-verma/